विश्वास के कार्यः अपने विश्वास के दावे के अनुसार जीना

विश्वास बोलता है

डेरिक थॉमस

भाइयो और बहनो, हम निश्चित रूप से परमेश्वर ने मसीह के क्रूस में हमारे लिए जो किया है उसी के कारण आज यहाँ हैं। और मसीह के क्रूस ने हमें आनन्द और आशा और जीवन से भरा है। वही आनन्द और आशा और जीवन जिससे इसने वर्षों पूर्व हमार भाई याकूब को भरा था। मुझे नहीं पता कि आपको इसकी जानकारी है, लेकिन याकूब अपने सौतेले भाई यीशु के साथ उसी घर में बड़ा हुआ था। संभवतः ऐसे बहुत से दिन होंगे जब याकूब अपने भाई यीशु से पापपूर्ण बातें कहता, या अपनी माँ मरियम से उसकी झूठी शिकायत करता। मैं ने इसके बारे में सोचा कि यीशु के सौतेले भाई याकूब ने उस समय क्या सोचा होगा जब उसने यीशु को क्रूस पर मरते हुए देखा। मैं ने सोचा कि याकूब ने पुनरूत्थान प्राप्त मसीह को अपने सामने देखकर क्या सोचा होगा, जैसा 1 कुरिन्थियों 15 कहता है।

याकूब आरम्भिक कलीसिया में एक पासबान, एक अगुवा बना। और उसने इस पत्री को मुख्यतः यहूदी विश्वासियों के लिए लिखा, और वह उन्हें एक पासबान के रूप में इसे लिखता है। और वह उन्हें शब्दों के महत्व के बारे में, जीभ के महत्व के बारे में सिखाता है। शायद वह उसके मन में था जो यीशु ने लूका 6:45 में कहा था, कि जो मन में भरा होता है वही मुँह पर आता है।

याकूब शब्दों की ताकत को जानता था। वह जानता था कि उसकी मण्डली में और जिन लोगों को वह पत्री लिख रहा था उनके बीच ऐसे लोग थे जिन्हें दूसरों के पापपूर्ण शब्दों के कारण गहरी चोट पहुँची थी। वह उस ताकत को भी जानता था जो आशा और चंगाई और सहायता के शब्दों के साथ आ सकती थी जिसका निश्चित रूप से उन में से बहुतों ने अनुभव किया था। अतः याकूब पासबान के रूप में लोगों से बात करता है, और हम उन्हीं शब्दों को पढ़ेंगे और उन में डुबकी लगायेंगे।

अतः यदि आप याकूब 3 की ओर आते हैं तो याकूब 3:1–12 को देखेंगे। परन्तु इस परिच्छेद को पढ़ने से पहले मैं आपको अपनी सबसे पहली नौकरी के बारे में बताना चाहता हूँ, कॉलेज के बाद मेरी पहली नौकरी जिसमें मुझे काफी यात्रा करनी पड़ती थी। और मेरी पहली बड़ी यात्रा डैलस, टेक्सस की थी। और लुइसविले, केन्टकी से डैलस की विमान यात्रा की तैयारियों के बारे में मुझे अब भी याद है। और मैं ने

डैलस में अपने होटल के कमरे और किराए की कार का प्रबन्ध किया। उत्साह के साथ हवाई अड्डे पर दिखाई दिया, और अपनी किराए की कार में बैठा और मैं डैलस में अपने होटल की ओर जाने के लिए तैयार हूँ। और मुझे महसूस हुआ कि मुझे होटल के बारे में जानकारी नहीं थी। अब, डैलस में होना एक चुनौतिपूर्ण दुर्दशा है। यदि आप वहाँ गए हैं तो आपको पता है कहीं पहुँचना कितना कठिन है।

और मुझे याद आया कि अक्सर जीवन में हम कितनी बार 70 मील प्रति घण्टे की गति से चलते हैं, न जानते हुए कि हम कहाँ जा रहे हैं, या हमारे होठों से निकलने वाले शब्दों का महत्व क्या है। परन्तु परमेश्वर ने हमें अकेला नहीं छोड़ा है। उसने हमें अपना वचन दिया है। वास्तव में, हम एक साथ मिलकर उसके वचन को पढ़ते हैं। और अपनी मातृभाषा में इसे पढ़ पाना भी हमारे लिए एक बड़े सौभाग्य की बात है। भाई और बहन यह आपके लिए परमेश्वर का महान उपहार है कि आपके पास आपकी अपनी मातृभाषा में परमेश्वर के वचन हैं जबकि इस संसार में 4,000 से अधिक ऐसी जातियाँ हैं जिन्हें यह सौभाग्य प्राप्त नहीं है। अतः जब हम इसे पढ़ते हैं तो मैं चाहता हूँ कि आप अपने दिल में धन्यवाद के साथ उसकी स्तुति करें जिसने ये शब्द कहे हैं।

याकूब 3:1,

> हे मेरे भाइयो, तुम में से बहुत उपदेशक न बनें, क्योंकि जानते हो कि हम उपदेशक और भी दोषी ठहरेंगे। इसलिए कि हम सब बहुत बार चूक जाते हैं; जो कोई वचन में नहीं चूकता वही तो सिद्ध मनुष्य है और सारी देह पर भी लगाम लगा सकता है। जब हम अपने वश में करने के लिए घोड़ों के मुँह में लगाम लगाते हैं, तो हम उनकी सारी देह को भी घुमा सकते हैं। देखो, जहाज भी, यद्यपि ऐसे बड़े होते और प्रचण्ड वायु से चलाए जाते हैं, तौभी एक छोटी सी पतवार के द्वारा माँझी की इच्छा के अनुसार घुमाए जाते हैं। वैसे ही जीभ भी एक छोटा सा अंग है और वह बड़ी–बड़ी डींगें मारती है। देखो, थोड़ी सी आग से कितने बड़े वन में आग लग जाती है।
>
> जीभ भी एक आग है; जीभ हमारे अंगों में अधर्म का एक लोक है, और सारी देह पर कलंक लगाती है, और जीवन गति में आग लगा देती है, और नरक कुण्ड की आग से जलती रहती है। क्योंकि हर प्रकार के वन–पशु, पक्षी, और रेंगने वाले जन्तु, और जलचर तो मनुष्य जाति के वश में हो सकते हैं और हो भी गए हैं, पर जीभ को मनुष्यों में से कोई वश में नहीं कर सकता; वह एक ऐसी बला है जो कभी रूकती ही नहीं, वह प्राण नाशक विष से भरी हुई है। इसी से हम प्रभु और पिता

> की स्तुति करते हैं, और इसी से मनुष्यों को जो परमेश्वर के स्वरूप में उत्पन्न हुए हैं शाप देते हैं। एक ही मुँह से धन्यवाद और शाप दोनों निकलते हैं। हे मेरे भाइयो, ऐसा नहीं होना चाहिए। क्या सोते के एक ही मुँह से मीठा और खारा जल दोनों निकलता है? हे मेरे भाइयो, क्या अंजीर के पेड़ में जैतून, या दाख की लता में अंजीर लग सकते हैं? वैसे ही खारे सोते से मीठा पानी नहीं निकल सकता।

आइए हम प्रार्थना करें।

हे पिता, अपनी सृष्टि से बात करने के लिए, अपने आप को हम पर प्रकट करने के लिए हम आपकी स्तुति करते हैं। प्रभु, हम आपकी भेड़ें हैं और हम आपकी वाणी को सुन रहे हैं। हे परमेश्वर, हम से बात करें। हमारे दिलों को बदल दें। हमें यीशु के समान बनाएँ। हमारी आँखों और हमारे कानों को खोल दें। आपके नाम की महिमा के लिए, यीशु के नाम में। आमीन।

परमेश्वर बात करता है...

अब, यह देखने से पहले कि याकूब जीभ के बारे में क्या कहता है, आइए हम पवित्रशास्त्र की थोड़ी सैर करते हैं। एक धर्मशास्त्रीय धर्मविज्ञान कि बाइबल शब्दों के बारे में, जीभ के बारे में क्या कहती है। आइए शुरू करते हैं, मेरे साथ उत्पत्ति 1 पर आएँ। उत्पत्ति 1:3 में, क्या यह रूचिकर नहीं है कि परमेश्वर स्वयं बात करता है?

शब्दों के महत्व को पहचानें (सृष्टि)

उत्पत्ति 1:3, *"और परमेश्वर ने कहा।"* परमेश्वर बोलता है और सारी वस्तुएँ रची जाती हैं। मानव सहित। परमेश्वर के वचन सामर्थी वचन हैं जो सब कुछ अस्तित्व में लाते हैं। परन्तु परमेश्वर अपने वचनों के द्वारा केवल सृष्टि ही नहीं करता। उसने अपने वचनों के द्वारा स्वयं को अपने लोगों पर प्रकट किया है और उन्हें निर्देश दिए हैं।

उत्पत्ति 1:27–28 को देखें। उत्पत्ति 1:27, *"तब परमेश्वर ने मनुष्य को अपने स्वरूप के अनुसार उत्पन्न किया, अपने ही स्वरूप के अनुसार परमेश्वर ने उसको उत्पन्न किया; नर और नारी करके उसने मनुष्यों की सृष्टि की। और परमेश्वर ने उनको आशीष दी, और उनसे कहा, 'फूलो–फलो, और पृथ्वी में भर जाओ, और*

उसको अपने वश में कर लो; और समुद्र की मछलियों, तथा आकाश के पक्षियों, और पृथ्वी पर रेंगने वाले सब जन्तुओं पर अधिकार रखो।'"

पाप में गिरने से पहले मनुष्यों को उनसे बाहर की एक वाणी द्वारा बताने की आवश्यकता पड़ी कि उन्हें किसलिए रचा गया है। परमेश्वर कहता है, यह तुम्हारा उद्देश्य है। और वह उनसे शब्दों से बात करता है।

उत्पत्ति 2:16 की ओर आएँ। पुनः आप शब्दों को देखते हैं, अपने लोगों के लिए परमेश्वर का प्रकाशन, उन्हें निर्देश देना, उन्हें आज्ञा देना। उत्पत्ति 2:16, *"और यहोवा परमेश्वर ने आदम को यह आज्ञा दी, 'तू वाटिका के सब वृक्षों का फल बिना खटके खा सकता है; पर भले या बुरे के ज्ञान का जो वृक्ष है, उसका फल तू कभी न खाना : क्योंकि जिस दिन तू उसका फल खाएगा उसी दिन अवश्य मर जाएगा।'"* (उत्पत्ति 2:16—17).

परमेश्वर बात करता है। परमेश्वर न केवल बात करता और रचना करता है, न केवल वह अपने लोगों से बात करता है, बल्कि <u>वह स्वयं से भी बात करता है।</u> "स्वयं से?" हाँ। ब्रह्माण्ड का सच्चा और जीवित परमेश्वर, जो सदा से विद्यमान है, एक परमेश्वर तीन व्यक्तित्वः पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा उत्पत्ति 1:26 में कहते हैं, मेरे साथ इसे देखें, *"फिर परमेश्वर ने कहा, 'हम मनुष्य को अपने स्वरूप के अनुसार अपनी समानता में बनाएँ।'" परमेश्वर अपने आप से बात करता है, और वह कहता है, "हम मनुष्य को बनाएँ,"* और वह अपने वचन की सामर्थ के द्वारा ऐसा करता है।

जब हम तेजी से नये नियम में यूहन्ना 15:15 पर आते हैं तो हम इसे जानते हैं, यीशु अपने चेलों से कहते हैं, "मैं तुम्हें वह सिखाऊँगा जो मैं पिता से सुनता हूँ।" पिता पुत्र से बात करता है। और फिर यूहन्ना 17 में हम देखते हैं कि यीशु अपनी महायाजकीय प्रार्थना में पिता से बात करते हैं। परमेश्वर स्वयं से बात करता है।

शब्द अत्यधिक महत्वपूर्ण होते हैं। वास्तव में, यही हमारा पहला बिन्दू है, <u>शब्दों के महत्व को पहचानें।</u> शब्दों के महत्व को पहचानें। हाँ, परमेश्वर बात करता है, परन्तु केवल परमेश्वर ही बात नहीं करता। शैतान भी बात करता है।

शैतान बात करता है...

मेरे साथ उत्पत्ति 3:1 में देखें, *"यहोवा परमेश्वर ने जितने बनैले पशु बनाए थे, उन सब में सर्प धूर्त था; उसने स्त्री से कहा, 'क्या सच है कि परमेश्वर ने कहा, तुम इस वाटिका के किसी वृक्ष का फल न खाना,'"* एक हास्यास्पद कहानी जो सत्य है।

सर्प के धूर्त और छली शब्दों को पहचानें (पाप)

हमें सर्प के धूत तथा छली शब्दों को पहचानने की आवश्यकता है। शैतान बात करता है। वह विरोध करता है, वह धोखा देता है, वह तोड़–मरोड़ करता है। ध्यान दें, पुनः, उत्पत्ति 3:4 में, *"तब सर्प ने स्त्री से कहा, तुम निश्चय न मरोगे। वरन् परमेश्वर आप जानता है कि जिस दिन तुम उसका फल खाओगे उसी दिन तुम्हारी आँखें खुल जाएँगी, और तुम भले बुरे का ज्ञान पाकर परमेश्वर के तुल्य हो जाओगे।'"* परमेश्वर बात करता है। शैतान बात करता है।

लोग बात करते हैं...

और यह हमें याकूब 3 में हमारे पद पर लाता है जहाँ याकूब कहता है कि लोग बात करते हैं। मेरे साथ वहाँ देखें। याकूब 3. अब, हम सब जानते हैं कि परमेश्वर ने हमें एक जीभ दी है। और जीभ को रूचिकर रूप से हमारी देह के सबसे फिसलन वाली जगह पर रखा गया है। और परमेश्वर ने अपनी बुद्धि में इसे हमारे दाँतों और होठों के पीछे पिंजरे में रखा है। और फिर भी जीभ का प्रयोग दुर्व्यवहार करने, तोड़ने–मरोड़ने, धोखा देने और चोट पहुँचाने के लिए किया जाता है जबकि इसका प्रयोग चंगाई देने और आशा लाने के लिए किया जाना चाहिए।

वास्तव में, आदि में जब परमेश्वर ने हमें जीभ दी थी, तो उसने हमें जीभ उसकी आराधना करने, उसकी स्तुति करने, एक–दूसरे से प्रेम और सच्चाई और भलाई से बात करने के लिए दी थी। आदम सुबह उठता और कहता, "प्रिय, सुबह मैं यहीं रहूँगा।" और वह कहती, "मैं जानती हूँ।" लेकिन अब ऐसा नहीं है, क्या है? लोग ऐसे वायदे करते हैं जिन्हें वे पूरा नहीं करते। लोग ऐसे शब्द बोलते हैं जो गहरा बेधते हैं, गालियाँ दी जाती हैं, दोष लगाए जाते हैं।

और इसके प्रकाश में, याकू 3:1 में याकूब कहता है, *"हे मेरे भाइयो, तुम में से बहुत उपदेशक न बनें, क्योंकि जानते हो कि हम उपदेशक और भी दोषी ठहरेंगे।"* याकूब, आरम्भिक कलीसिया का एक अधिकृत शिक्षक, एक पासबान, वह शब्दों की गम्भीरता को जानता है। वास्तव में, यह उनके लिए एक प्रकार से चेतावनी है

जो परमेश्वर से उचित बुलाहट के बिना तथा उसके द्वारा दिए गए वरदानों के बिना सिखाने के काम में लग जाते हैं। और वे बहुत से शिक्षकों के समान ही स्वार्थी महत्वाकांक्षा एवं ईर्ष्या से लड़खड़ाते हैं। और वे बोलते रहते हैं, बोलते रहते हैं, बोलते ही रहते हैं। और हर एक शब्द जो वे बोलते हैं उसका उन्हें हिसाब देना होगा, जैसे मत्ती 12 में यीशु कहते हैं। और उन झूठे शिक्षकों का न्याय होगा जो मंच पर लड़खड़ाते हैं। हम में से प्रत्येक का भी जिन्हें वास्तव में बुलाया गया है, यद्यपि हमारा न्याया दोषी ठहराने के लिए नहीं बल्कि प्रतिफल के लिए होगा।

परमेश्वर के वचन को सिखाने की महान जिम्मेदारी को पहचानें

और याकूब उन शिक्षकों को चेतावनी देता है। वह कहता है सुनो, क्या तुम मेरे वचन को सिखाने की अपनी बड़ी जिम्मेदारी को समझते हो? यह एक स्तर तक हम सब पर लागू होता है, ठीक? आपको पासबान बनने के लिए नहीं बुलाया गया होगा, परन्तु आपको सिखाने के लिए बुलाया गया है। वास्तव में, यीशु ने कहा यदि तुम सारी जातियों के लोगों को चेला बनाना चाहते हो तो तुम्हें उन्हें वह सब सिखाना होगा जिसकी मैं ने तुम्हें आज्ञा दी है। यदि आप अभिभावक हैं तो आपको अपने बच्चों को सिखाने के लिए बुलाया और निर्देश दिया गया है।

आप में से कुछ लोग बच्चों और वयस्कों के लिए छोटे समूहों की अगुवाई कर रहे हैं। उस कक्षा में लड़खड़ाएँ नहीं। उस कमरे में लड़खड़ाएँ नहीं। क्या आप अपने होठों से निकलने वाले शब्दों की जिम्मेदारी को समझते हैं, विशेषतः जब वे परमेश्वर के वचन को सिखाने से संबंधित हों? यह याकूब की चेतावनी के साथ आरम्भ करने का समय है।

आपके शब्दों में पाप करने की बड़ी क्षमता को पहचानें

और वह कहता है कि इसी कारण यह इतना महत्वपूर्ण है। मेरे साथ याकूब 3:2 को देखें और अपने शब्दों में पाप करने की बड़ी क्षमता को पहचानें। याकूब 3:2, *"इसलिए कि हम सब"*– पुनः वह अपने आप को शामिल करता है–*"बहुत बार चूक जाते हैं। जो कोई वचन में नहीं चूकता वही तो सिद्ध मनुष्य है और सारी देह पर भी लगाम लगा सकता है।"* याकूब कहता है यदि तुम्हारी बोली सिद्ध है तो तुम एक सिद्ध व्यक्ति हो।

हम जानते हैं कि हम में से कोई भी अपनी बोली में सिद्ध नहीं है। वास्तव में, हम जानते हैं कि हम सब इस गिरे हुए संसार में जन्मे हैं, और पाप ने हमें प्रभावित किया है। और हम पाप में जन्मे थे। वास्तव में,

रोमियों 3, मेरे साथ वहाँ चलें। ध्यान दें पौलुस गिरे हुए पापी पुरूष या स्त्री की जीभ के बारे में और पाप करने की उसकी बड़ी क्षमता के बारे में क्या कहता है।

रोमियों 3:13 कहता है कि "उनका गला खुली हुई कब्र है।" इससे दुर्गन्ध आ रही है। यह उस पुरूष या स्त्री से भी बदतर है जिसने सुबह उठकर दाँत साफ न किए हों। पौलुस कहता है, यह लाश के समान है। वह कहता वे अपनी जीभ से छल करते हैं, चालाकी करते हैं, झूठ बोलते हैं, लोगों को भरमाते हैं। वह कहता है उनके होठों में साँपों का सा विष है। पौलुस कहता है उनके होठों में साँपों का सा विष है, और वे उसे उगलते हैं। रोमियों 3:14, *"उनका मुँह श्राप और कड़वाहट से भरा है।"*

हमारी जीभों की एक अच्छी तस्वीर नहीं है। वह कहता है, यदि कोई अपनी जीभ पर लगाम लगा सके तो वह सिद्ध मनुष्य होगा। कुछ व्याख्याकारों का मानना है कि इस "सिद्ध" शब्द का अर्थ है पूर्ण। और निश्चित रूप से यह सत्य है, जब हम मसीहियों के रूप में बढ़ते हैं हम मसीह के स्वरूप में बदलते जाते हैं, और शुद्धिकरण की इस प्रक्रिया का पूर्ण प्रभाव होता है। और आत्मा में चलने के द्वारा हम संयम रखना सीखते हैं। और जब हम अपनी जीभ पर नियंत्रण रखते हैं तो हमारी सम्पूर्ण देह नियंत्रित रहती है, क्योंकि मेरे मित्र जीभ संभवतः हमारी देह का ऐसा पात्र है जिस पर नियंत्रण करना सबसे कठिन है। आपको हिलने की भी आवश्यकता नहीं है। आप फोन उठाकर पाप कर सकते हैं।

जीभ की बड़ी ताकत को पहचानें

पाप के संबंध में अपनी गतिविधि में आप जो कर सकते हैं उसकी सीमाएँ हैं, परन्तु आपकी जीभ की कोई सीमा नहीं है। जो हमें याकूब 3:3 पर लाता है। याकूब कहता है, ठीक है, यदि तुम्हें अब भी जीभ जैसे छोटे अंग की ताकत पर विश्वास नहीं है तो मैं तुम्हें तीन उदाहरण बताता हूँ। याकूब 3:3, वह कहता है, *"जब हम अपने वश में करने के लिए घोड़ों के मुँह में लगाम लगाते हैं, तो हम उनकी सारी देह को भी घुमा सकते हैं।"*

मुझे लुइसविले, केन्टकी में सेमिनारी का अपना समय याद आया। मैं एट्रिया नामक वृद्धाश्रम में आँशिक समय नौकरी करता था। और एट्रिया में मैं गतिविधियों का सहायक निदेशक था, जो मुझे पसन्द भी था। मुझे वहाँ के लोग पसन्द थे। और सहायक निदेशक की नौकरी के भाग के रूप में, मैं मूलतः बिन्गो में

निपुण बन गया। परन्तु दूसरी गतिविधियाँ भी थी जो उन्हें पसन्द थी। मैं उन्हें नाच के लिए ले जाया करता था। 80–90 वर्षीय बुजुर्गों को संगीत की धुन पर थिरकते देखना रूचिकर था।
और मैं उन्हें केन्टकी डर्बी के स्थान चर्चिल डाउन्स ले जाता। और नहीं, मैं उन पद दाव नहीं लगाता, लेकिन उन्हें वहाँ लेकर जाता। और खूबसूरत, मजबूत, गठीले पशुओं को अपनी पीठ पर छोटे–छोटे लोगों के साथ दौड़ते देखना कुछ खास था। और वे लोग उनकी लगामों को खींचते। और वह पशु आसानी से उस मार्ग के किनारे की ओर चला जाता, और यह देखना अच्छा था। और उस समय मुझे पता नहीं था कि उस पशु को उसके मुँह में उसकी जीभ के ठीक ऊपर लगी छोटी सी लगाम से नियंत्रित किया जा रहा था। याकूब यही कह रहा है। वह कह रहा है सुनो, मित्रो, जीभ ताकतवर है।

परन्तु यदि आपको अभी भी विश्वास नहीं है, तो याकूब 3:4 को देखें, वह कहता है, *"देखो, जहाज यद्यपि ऐसे बड़े होते हैं और प्रचण्ड वायु से चलाए जाते हैं, तौभी एक छोटी सी पतवार के द्वारा माँझी की इच्छा के अनुसार घुमाए जाते हैं।"* मुझे याद है मियामी के समुद्री तट पर गाड़ी चलाते समय मैं इन बड़े बन्दरगाहों तथा विशाल जहाजों को देखा था। मैं ने कभी उन पर यात्रा नहीं की। परन्तु ये जहाज बन्दरगाह से निकलते, और बड़ी आसानी से उन्हें दिशा दी जाती। और वे गहरे समुद्र में पहुँचकर गंतव्य की ओर अपनी यात्रा को आरम्भ करते। जहाज के ऊपर एक छोटा सा बुजुर्ग व्यक्ति बैठा था जो उस विशाल जहाज के पीछे छोटी सी पतवार को घुमाता और जहाँ कप्तान चाहता उसी तरफ उसे ले जाता था।
और याकूब ने कहा, भाइयो और बहनो, जीभ के साथ भी ऐसा ही है। यद्यपि यह इतनी छोटी है लेकिन यह सारी देह को नियंत्रित करती है। परन्तु आपको यदि अब भी विश्वास नहीं है, तो वह कहता है मेरे पास तीसरा उदाहरण है। याकूब 3:5 को देखें, *"वैसे ही जीभ भी एक छोटा सा अंग है और वह बड़ी–बड़ी डींगें मारती है। देखो, थोड़ी सी आग से कितने बड़े वन में आग लग जाती है। जीभ भी एक आग है; जीभ हमारे अंगों में अधर्म का एक लोक है, और सारी देह पर कलंक लगाती है, और जीवन गति में आग लगा देती है, और नरक कुण्ड की आग से जलती रहती है।"* (याकूब 3:5–6).

जो हमें पाँचवें बिन्दू पर लाता है। <u>हमें जीभ की बड़ी ताकत को पहचानने की आवश्यकता है।</u> याकूब रूपक की ओर बढ़ता है, कहता है, यह आग है।

यदि मेरे हाथ में पानी हो और मैं उसे नीचे उण्डेलता हूँ तो यह जहाँ गिरता है वहीं रहता है। और मैं फर्श पर उस निशान को देख सकता हूँ जहाँ मैं ने पानी डाला था। लेकिन आग के साथ ऐसा नहीं है। वास्तव में, एक छोटी सी चिंगारी पूरे जंगल को भस्म कर सकती है, और याकूब यही कह रहा है।

गलत स्थान पर, सूखे जंगल में–एक चिंगारी पूरे जंगल में आग लगा सकती है। ऐसा ही आपके साथ है, बहन। ऐसा ही आपके साथ है, भाई।

सच्चाई यह है कि हम सबकी जीभों का जीवन में किसी न किसी समय, दर्द और विनाश और चोट और गहरे घाव की आग लगाने के लिए प्रयोग किया गया है क्योंकि आपकी जीभ आग है।

याकूब कहता है यह केवल आग ही नहीं है, यह ऐसी आग है जो नरक कुण्ड की आग से जलती रहती है। यह कठोर भाषा है। नरक? मूल भाषा में यह शब्द गेहेन्ना है। गेहेन्ना यरूशलेम के ठीक बाहर था। जिन लोगों के लिए याकूब लिखता है वे अच्छी तरह जानते थे कि गेहेन्ना क्या था। यह पुराने नियम में वह स्थान था जहाँ अन्यजाति लोग अपने बच्चों को बलि चढ़ाते थे, और उनकी लाशों को इस हिन्नोम की तराई में जलाते थे।
यही वो स्थान था जिसे यीशु ने देखा और कहा कि यह नरक के समान है। यही वो स्थान है जिसे शैतान और उसकी दुष्टाताओं तथा दुष्टों के लिए तैयार किया गया है। और इस तराई में आग जलती रहती थी क्योंकि वे सुबह शाम कचरे को जलाते थे, और इसलिए इसकी दुर्गन्ध भयानक थी। हमारी जीभों की दुर्गन्ध भी ऐसी ही है।

हमने बच्चों को चोट पहुँचाई है। हमने माता–पिता को चोट पहुँचाई है। हमने पतियों को चोट पहुँचाई है। हमने अपनी पत्नियों को चोट पहुँचाई है। हमने मित्रों को घाव दिए हैं। और हमने अपने शब्दों से पूरे जंगल में आग लगाई है। अब, यदि इससे आप तनाव में नहीं आते हैं, तो हम अभी याकूब 3:7 पर नहीं पहुँचे हैं।

जीभ पर लगाम लगाने में अपनी असमर्थता को पहचानें

मेरे साथ याकूब 3:7 को देखें, जो हमें हमारे अगले बिन्दू पर लाता है, याकूब कहता है, हमारे लिए आवश्यक है कि हम जीभ पर लगाम लगाने में अपनी असमर्थता को पहचानें। पासबान याकूब, आपका धन्यवाद, एक ऐसे संसार में यह महसूस करने में हमारी सहायता के लिए जहाँ लोग प्रयत्न करते हैं कि हम

अपने शब्दों को बदल दें, "छोटे जॉनी, इस तरह बात मत करो। तुम्हें अपने भाई–बहनों से अच्छी तरह बात करनी चाहिए।" "हाँ, मैम।"

यह सफल नहीं होता। हम वयस्कों के लिए भी यह सफल नहीं होता क्योंकि, याकूब 3:7 कहता है, *"क्योंकि हर प्रकार के वन–पशु, पक्षी, और रेंगने वाले जन्तु, और जलचर तो मनुष्य जाति के वश में हो सकते हैं और हो भी गए हैं।"* यह हास्यास्पद है, ठीक? अतः अक्सर हमारे कुत्ते हमारे बच्चों से अधिक वश में हो सकते हैं।

या यह बड़ी व्हेल के समान हो सकता है। हम मियामी समुद्री मछलीघर में अपने बच्चों को लेकर जाते थे, और वहाँ हम इस विशाल व्हेल को देखते थे। और यह हर प्रकार की कलाबाजी कर सकती थी। मेरा मतलब है, उन लोगों ने इस व्हेल को हर प्रकार के कार्य करना सिखा रखा था।

मनुष्यों ने हर प्रकार के जन्तुओं को अपने वश में कर लिया है, परन्तु याकूब 3:8 कहता है, *"जीभ को मनुष्यों में से कोई वश में नहीं कर सकता; वह एक ऐसी बला है जो कभी रूकती ही नहीं, वह प्राणनाशक विष से भरी हुई है। इसी से हम प्रभु और पिता की स्तुति करते हैं, और इसी से मनुष्यों को जो परमेश्वर के स्वरूप में उत्पन्न हुए हैं शाप देते हैं। एक ही मुँह से धन्यवाद और शाप दोनों निकलते हैं। हे मेरे भाइयो, ऐसा नहीं होना चाहिए।"* (याकूब 3:8–10).

पहचानें कि आपके शब्द आपके हृदय का संकेत हैं

मैं ने अपने मसीही जीवन के दौरान यह सीखा है कि लोगों को इस बारे में मूर्ख बनाना बिल्कुल आसान है कि हम वास्तव में कौन हैं। परन्तु अपने निकटतम लोगों को हम मूर्ख नहीं बना सकते हैं। जो हमें सातवें बिन्दू पर लाता है। पहचानें कि आपके शब्द आपके हृदय का संकेत हैं, और इस कारण आपकी सच्ची आत्मिक अवस्था का भी।

हमारी समस्याएँ हमारे मुँह के केवल एक अंगः जीभ से कहीं गहरी हैं। यह इस बात के केन्द में जाता है कि हम कौन हैं। वास्तव में, यीशु ने बहुत से अवसरों पर इसे स्पष्ट किया। मेरे साथ मरकुस 7 पर आएँ। और हम मरकुस 7:14 से आरम्भ करेंगे।

> *तब उसने लोगों को अपने पास बुलाकर उनसे कहा, "तुम सब मेरी सुनो, और समझो। ऐसी कोई वस्तु नहीं जो मनुष्य में बाहर से समाकर उसे अशुद्ध करे; परन्तु जो वस्तुएँ मनुष्य के भीतर से*

निकलती हैं, वे ही उसे अशुद्ध करती हैं। (यदि किसी के सुनने के कान हों तो वह सुन ले।)" जब वह भीड़ के पास से घर में गया, तो उसके चेलों ने इस दृष्टान्त के विषय में उस से पूछा। उसने उनसे कहा, "क्या तुम भी ऐसे नासमझ हो? क्या तुम नहीं समझते कि जो वस्तु बाहर से मनुष्य के भीतर जाती है, वह उसे अशुद्ध नहीं कर सकती? क्योंकि वह उसके मन में नहीं, परन्तु पेट में जाती है और संडास में निकल जाती है?" यह कहकर उसने सब भोजन वस्तुओं को शुद्ध ठहराया। फिर उसने कहा, "जो मनुष्य में से निकलता है, वही मनुष्य को अशुद्ध करता है। क्योंकि भीतर से, अर्थात् मनुष्य के मन से, बुरे बुरे विचार, व्यभिचार, चोरी, हत्या, परस्त्रीगमन, लोभ दुष्टता, छल, लुचपन, कुदृष्टि, निन्दा, अभिमान, और मूर्खता निकलती हैं। ये सब बुरी बातें भीतर ही से निकलती हैं और मनुष्य को अशुद्ध करती हैं।" (मरकुस 7:14–23).

यीशु कह रहे हैं कि मन में से मूर्खता से सने हुए मूर्खतापूर्ण शब्द निकलते हैं। वे कहते हैं कि घमण्ड से भरे हुए मन में से घमण्ड तथा अहंकार से भरे शब्द निकलते हैं। वे कहते हैं कि निन्दा उस मन से निकलती है जो घृणा से भरा है। वे कहते हैं कि लैंगिक अनैतिकता, व्यभिचारी शब्द उस मन से निकलते हैं जिसने गलत आदर्श अपना रखे हैं। यीशु कहते हैं कि हत्या, घृणा भी मन ही से निकलते हैं। और याकूब कहता है क्या तुम नहीं समझते?

यीशु लूका 6 में पुनः कहते हैं। कृपया मेरे साथ वहाँ चलें। लूका 6. और वे लूका 6:43–45 में कहते हैं, *"कोई अच्छा पेड़ नहीं जो निकम्मा फल लाए, और न तो कोई निकम्मा पेड़ है जो अच्छा फल लाए। हर एक पेड़ अपने फल से पहचाना जाता है; क्योंकि लोग झाड़ियों से अंजीर नहीं तोड़ते और न झड़बेरी से अंगूर। भला मनुष्य अपने मन के भले भण्डार से भली बातें निकालता है, और बुरा मनुष्य अपने मन के बुरे भण्डार से बुरी बातें निकालता है; क्योंकि जो मन में भरा है वही उसके मुँह पर आता है।"* मैं इसका उदाहरण देने की कोशिश करता हूँ।

कुछ वर्ष पूर्व अपने घर के पीछे मैंने एक सेब का पेड़ लगाया। मैं ने इस पेड़ को इसलिए लगाया था कि मेरी पत्नी सेबों को चुनकर हमारे लिए एप्पल पाई बना सके। समस्या यह है कि पिछले कुछ वर्षों से उसमें केवल खराब सेब ही लगे हैं। और इसलिए मेरे मन में एक विचार आया। और कुछ सप्ताह पूर्व मैं बाजार गया और वहाँ उपलब्ध सबसे बड़े रसदार सेबों के थैले को खरीदा। और मैं अपनी गैरेज में गया अपनी स्टैपल गन उठाई। और मैं सेबों के थैले को लेकर अपने घर के पीछे गया और उन सेबों को स्टैपल गन से पेड़ पर लगाने लगा। उसे पूरा करने के बाद यदि आप वहाँ होते, यह देखने में अच्छा था। और मेरी

पत्नी घर लौटी और वह बाहर आई, और बोली, "वाह। तुम एक अच्छे किसान हो।" और मैं ने कहा धन्यवाद। और वह नाचने लगी क्योंकि हमें सेबों की फसल मिली थी। और मैं भी खुश था और मेरे बच्चे भी खुश थे क्योंकि हमें एप्पल पाई मिलने वाली थी।

अब, यह सच्ची घटना नहीं है। परन्तु यह उस अच्छे बिन्दू का उदाहरण देती है जिसे यीशु बता रहे थे। एक निकम्मा पेड़ निकम्मे सेब उत्पन्न करता है। अच्छा पेड़ अच्छे सेब उत्पन्न करता है। मन में जो भरा होता है वही मुँह पर आता है। और अक्सर हम फल स्टैपल करने के द्वारा अपने शब्दों को बदलने का प्रयत्न करते हैं। "हाँ, तुम्हें इस प्रकार नहीं बोलना चाहिए।" यह इससे कहीं गहरा है। ये वे मूरतें हैं जिन्हें आपने अपने मन में अपनाया है जो क्रोध और घृणा और मतभेद और आग में बाहर की ओर बहती हैं।

परमेश्वर पाप में गिरे, मरने वालों, और आशाहीनों से बात करता है...

जिन अपूर्ण शब्दों को आपने बोला है और जिन अपूर्ण शब्दों पर आपने विश्वास किया है उनके लिए परमेश्वर के प्रबन्ध को पहचानें (छुटकारा)

अब, यह सृष्टि है; परमेश्वर बात करता है। और शैतान, वह भी बात करता है। और लोग बात करते हैं। और यह एक भद्दी तस्वीर है। परन्तु यह कहानी का अन्त नहीं है क्योंकि परमेश्वर छुटकारा देने वाला है। और आरम्भ से ही परमेश्वर जानता था कि जो अदन की वाटिका में हुआ वह सारी सृष्टि में फैल जाएगा। वह जानता था कि ऐसे युद्ध होंगे जिनकी शुरूआत जीभ के कारण होगी। वह घर के अन्दर पति और पत्नी और बच्चों और भाई–बहनों के साथ होने वाले विनाश को जानता था। वह इसे जानता था, और उसने कहा मैं एक वायदे का शब्द बोलने वाला हूँ। और उसने अपने होठों से एक वायदा किया, और हमसे अलग, वह हमेशा अपने वायदों को पूरा करता है।

और उसने कहा मैं एक बालक को भेजूँगा। मैं एक पुत्र को भेजूँगा। और वह स्त्री की सन्तान सर्प के सिर को कुचलेगी। वह परमेश्वर के शत्रु को परास्त करेगा। वह सर्प को परास्त करेगा। वह पाप को पराजित करेगा। वह मृत्यु को पराजित करेगा। और समय पूरा होने पर परमेश्वर ने अपने पुत्र को भेजा, जो कुँवारी से जन्मा, ताकि जिन्होंने अपनी जीभ से भी व्यवस्था को तोड़ा था उन्हें छुड़ा ले।

परमेश्वर का सुसमाचार का वायदा जिसे उसने पूरा किया। और यीशु आया, और जीया, और वह जन्मा, और वह बड़ा हुआ, और उसने सिद्धता से शब्द बोले। और उसने कभी झूठ नहीं बोला। और उसने कभी

अपनी जीभ से लोगों में आग नहीं लगाई। उसने सर्वदा प्रेम में सत्य बोला। और जब वह मरा, वह विद्रोहियों के बदले में मरा।

और उसने न केवल हमसे यह वायदा किया है, परमेश्वर ने अपनी सुसमाचार बुद्धि के वचन को भी प्रकट किया है। याकूब इसे याकूब 3 में स्पष्ट करता है कि हमें स्वर्गीय बुद्धि की आवश्यकता है। याकूब यह स्वर्गीय बुद्धि क्या है जिसकी हमें आवश्यकता है? यह "क्या" नहीं, बल्कि "कौन" है। स्वर्गीय बुद्धि मसीह है।

1कुरिन्थियों 1:24 कहता है कि मसीह स्वयं "परमेश्वर की बुद्धि है।" 1कुरिन्थियों 1:30 कहता है कि मसीह हमारी बुद्धि बना। दूसरे शब्दों में, जब वह हमारे बदले में क्रूस पर था, वह हमारे मूर्खतापूर्ण शब्दों और हमारे घृणापूर्ण शब्दों के लिए मरा, और हमारे पाप उसे दे दिए गए, और हमें उसकी धार्मिकता मिली, जिसका एक आयाम उसकी बुद्धि है ताकि कोई घमण्ड न कर सके। और इसलिए जब वे अपनी जीभों से घमण्ड करते हैं, तो वे मसीह के क्रूस पर घमण्ड करते हैं।

परमेश्वर हमारे लिए बुद्धि बन गया। और परमेश्वर ने अपने देहधारी वचन को प्रकट किया है। मेरे साथ यूहन्ना 1 पर सोचें। यूहन्ना 1 कहता है अनन्त वचन, लोगोस, त्रिएकता का दूसरा व्यक्ति, परमेश्वर का पुत्र, वही आया है। उसी ने देहधारी होकर हमारे बीच में डेरा किया। वही संसार की आशा है। उसने हमें जहाँ हम थे वहीं नहीं छोड़ा, परन्तु वह पापी लोगों के बीच आया। और उन्हें छुड़ाने के लिए वह उनके बीच रहा।

और अन्तिम फैसला शैतान का नहीं है। अन्तिम फैसला पाप का नहीं है। अन्तिम फैसला मसीह का है। अन्तिम फैसला परमेश्वर का है। यह वही बात है जो याकूब याकूब 1:18 में कहता है। वह कहता है, "सत्य के वचन के द्वारा" तुम्हें आत्मिक जीवन दिया गया। सत्य के वचन के द्वारा परमेश्वर पुनः उत्पत्ति करता है। वह उद्धार करता है। वह अपने लोगों को पुनः जन्म पाने के लिए बुलाता है। और पुनः जन्म पाकर जब वे बढ़ते हैं तो वे फल लाते हैं। और फिर उनकी जीभें आग लगाने वाली से चंगाई देने वाली, आशा देने वाली, सत्य लाने वाली बन जाती हैं।

यह अपने लोगों के मनों में परमेश्वर का कार्य है। यीशु ने अपना अन्तिम वचन तब कहा जब वह क्रूस पर था, और उसने कहा, "पूरा हुआ।" यीशु ने अपना अन्तिम वचन तब कहा जब वह थोमा के पास आया और

उसने कहा, "थोमा, तुझे शान्ति मिले।" और यीशु अपना अन्तिम वचन अन्त में तब कहेगा जब वह सारी बातों को पूर्णता में ले आएगा।

मेरे साथ प्रकाशितवाक्य 21:5–7 पर आएँ। सृष्टि में हम देखते हैं कि परमेश्वर बात करता है। पाप में हम देखते हैं कि सर्प बात करता है। अब भी हम देखते हैं कि लोग बात करते हैं। परन्तु अन्त में मसीह फिर बात करेगा जब वह सारी बातों को पूरा कर लेता है। प्रकाशितवाक्य 21:5, *"जो सिंहासन पर बैठा था, उसने कहा, 'देख, मैं सब कुछ नया कर देता हूँ।' फिर उसने कहा, 'लिख ले, क्योंकि ये वचन विश्वास के योग्य और सत्य हैं।' फिर उसने मुझ से कहा, 'ये बातें पूरी हो गई हैं। मैं अल्फा और ओमेगा, आदि और अन्त हूँ। मैं प्यासे को जीवन के जल के सोते में से सेंतमेंत पिलाऊँगा। जो जय पाए वही इन वस्तुओं का वारिस होगा, और मैं उसका परमेश्वर होऊँगा और वह मेरा पुत्र होगा।'"* (प्रकाशितवाक्य 21:5–7).
अन्तिम फैसला परमेश्वर का है। अन्तिम फैसला मृत्यु का नहीं है। अन्तिम फैसला चिकित्सक और उनकी बातों का नहीं है। और हाँ, उसके कोड़े खाने से हम चंगे होते हैं। और हर व्यक्ति के लिए जो प्रभु यीशु मसीह को जानता है, चाहे स्वर्ग की इस तरफ न हो, लेकिन वहाँ चंगाई है क्योंकि मसीह सब कुछ नया करेगा। और पुनरूत्थान होगा, और वह हमारी गिरी हुई, पापी देह के बदले पुनरूत्थान प्राप्त देह देगा। और हम सर्वदा के लिए उसके साथ रहेंगे। और वह हमारा परमेश्वर होगा तथा हम उसके लोग होंगे। और हम उसको उस नगर में आमने–सामने देखेंगे जिसका शिल्पी और निर्माता परमेश्वर है। और वह इसे कर रहा है।

और यदि परमेश्वर ने ऐसे सामर्थी वचनों, प्रेमी वचनों, सच्चे वचनों से बात की है, तो कलीसिया के रूप में हमें भी बोलना चाहिए।

कलीसिया बात करती है...

आपस में प्रेम से सत्य बोलने की अपनी जिम्मेदारी को पहचानें

बिन्दू संख्या नौ, आपस में प्रेम से सत्य बोलने की अपनी जिम्मेदारी को पहचानें। परमेश्वर बात करता है। शैतान बात करता है। लोग बात करते हैं। परमेश्वर छुटकारे के रूप में बात करता है। और अब कलीसिया बात करती है। कलीसिया इसलिए बात करती है क्योंकि हमने परमेश्वर के प्रेम और उसके अनुग्रह को पाया है। और अब हम अपने मुँह खोलते हैं, और आपस में सत्य और प्रेम से बात करते हैं।

इस सुसमाचार को हमारे पड़ोसियों तथा सारी जातियों तक ले जाने की अपनी जिम्मेदारी को पहचानें

और जब हम ऐसा करते हैं तो मसीह की देह बढ़ेगी। और जब मसीह की देह बढ़ती है, दसवाँ बिन्दू, हम इस सुसमाचार को हमारे पड़ोसियों तथा सारी जातियों तक ले जाने की अपनी जिम्मेदारी को पहचानते हैं।

रोमियों 10:14 इसे स्पष्ट करता है कि यदि हम नहीं बोलेंगे तो वे नहीं सुनेंगे। और यदि वे नहीं सुनेंगे तो उनका उद्धार नहीं हो सकता। यदि हम अब अपना मुँह नहीं खोलते हैं तो वे कैसे सुनेंगे? हमें अपना मुँह खोलना है। जब एक अरब से भी अधिक ऐसे लोग हैं जिन्होंने कभी मसीह के नाम को नहीं सुना है। उसके महान प्रेम के जवाब में हमें अपना मुँह खोलना है। जब 40,000 से अधिक ऐसी जातियाँ हैं जिनके पास उनकी भाषा में बाइबल नहीं है, तो हमें अपना मुँह खोलना है, और हमें अपनी कलमें निकालनी हैं, और हमें उसके वचन को, उसके प्रकाशन को पृथ्वी की छोर तक पहुँचाना है।

जब यशायाह नबी ने यशायाह 6 में एक दर्शन देखा, और उसने प्रभु को बहुत ही ऊँचे सिंहासन पर विराजमान देखा; और उसके वस्त्र के घेर से मन्दिर भर गया। स्वर्गदूत स्वयं पुकार पुकारकर कह रहे थे, "सेनाओं का यहोवा पवित्र, पवित्र, पवित्र है; सारी पृथ्वी उसके तेज से भरपूर है।" और जब यशायाह ने परमेश्वर की पवित्रता को देखा तो उसने दण्डवत की और कहा, "हाय! हाय! मैं नष्ट हुआ; क्योंकि मैं अशुद्ध होंठ वाला मनुष्य हूँ; और अशुद्ध होंठवाले मनुष्यों के बीच में रहता हूँ, क्योंकि मैं ने सेनाओं के यहोवा महाराजाधिराज को अपनी आँखों से देखा है।" और फिर वह अपने होठों से कहता है, "मैं यहाँ हूँ, प्रभु। मुझे भेज।"

सच्चा विश्वास खामोश नहीं रह सकता क्योंकि विश्वास बोलता है।